## खबर संक्षेप

### होटल में दरिंदगी और फिर अश्लील वीडियो की धमकी

**पुलिस ने दबोचा सुहैल मंसूरी, भेजा सलाखों के पीछे**

**शहडोल।** कोतवाली पुलिस ने प्यार का नाटक, शादी का झांसा और फिर ब्लैकमेलिंग का घिनौना खेल खेलने वाले की दरिंदगी का पर्दाफाश करते हुए आरोपी सुहैल मंसूरी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल की कालकोठरी में धकेल दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने अपराधियों को सख्त संदेश दिया है कि बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ करने वालों की जगह सिर्फ जेल है।

घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर सुहैल की करतूतों की दास्तां सुनाई। आरोपी सुहैल मंसूरी उम्र 23 वर्ष निवासी धनपुरी ने वर्ष 2025 से पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा रखा था। शादी का झूठा वादा कर वह उसे शहडोल के होटलों में ले जाता और लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। हद तो तब हो गई जब पीड़िता ने शादी से मना किया, तो आरोपी ने उसके अश्लील वीडियो वायरल करने और उसे जान से मारने की धमकी देकर आतंकित करना शुरू कर दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी की और आरोपी सुहैल को दबोच लिया। आरोपी पर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे न्यायालय में पेश कर सीधा जेल भेज दिया गया। इस सफल कार्रवाई में उनि. विशाखा उर्वेदी, प्र.आर. गिरीश मिश्रा और उनकी टीम की अहम भूमिका रही।

### 16 साल से आंख मिचौली खेल रहा इनामी तस्कर गिरफ्तार

**शहडोल।** कानून के हाथ लंबे होते हैं और गुनाहगार चाहे पाताल में भी छुप जाए, पुलिस उसे ढूंढ ही निकालती है। शहडोल पुलिस की चौकी केशवाही ने नशे के सौदागरों के खिलाफ एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए 16 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से दबोच लिया है। मामला साल 2010 का है, जब आरोपी अनिल वर्मा पिता स्व. मंगल वर्मा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट (नशीले पदार्थों की तस्करी) के तहत बुढार थाने में अपराध दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी पिछले डेढ़ दशक से अपनी पहचान छिपाकर छत्तीसगढ़ में ठिकाने बदल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की मुंडी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

चौकी प्रभारी केशवाही के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। उपनिरीक्षक गंगा सिंह मार्को और उनकी टीम ने राजनांदगांव के जमात पारा में घेराबंदी कर 56 वर्षीय अनिल वर्मा को उस वक्त धर दबोचा जब उसे भनक तक नहीं थी। इस कार्रवाई में साइबर सेल के आरक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा और आरक्षक जितेंद्र व उमेश राठौर की भूमिका काबिले तारीफ रही। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

## नगर पालिका परिषद शहडोल की सामान्य सभा सम्पन्न

# गांधी स्टेडियम, टैगोर पार्क, मछली मार्केट कॉम्प्लेक्स और इंदिरा चौक-बस स्टैंड सडक़ पर अहम निर्णय



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा शुक्रवार को नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित हुई। नवपदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा भण्डारी के कार्यभार ग्रहण के बाद यह पहली महत्वपूर्ण बैठक रही, जिसमें कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति ने विशेष महत्व जोड़ा। गांधी स्टेडियम प्रकरण, टैगोर पार्क एवं सामुदायिक भवनों की लीज, मछली बाजार स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और इंदिरा चौक से बस स्टैंड तक सडक़ निर्माण जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। नगर पालिका परिषद शहडोल की सामान्य सभा की सूचना के अनुसार बैठक में सात प्रमुख एजेंडा बिंदुओं पर विचार किया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने की तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में कार्यवाही संपन्न हुई। प्रारंभ में नवपदस्थ सीएमओ का स्वागत किया गया और पार्षदों ने अपेक्षा जताई कि वे परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर नगर विकास को गति देंगी।

### बैठक के एजेंडा में प्रमुख बिंदु शामिल

न्यायालय में लंबित प्रकरण के संदर्भ में गांधी स्टेडियम भूमि विषय पर विचार। टैगोर पार्क स्थित सामुदायिक भवन (बारात घर) के संचालन को लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव। अटल कॉम्प्लेक्स एवं मछली मार्केट संबंधी विषय। इंदिरा चौक से बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटाकर सडक़ निर्माण कार्य प्रारंभ कराने पर विचार। अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

### गांधी स्टेडियम प्रकरण

गांधी स्टेडियम भूमि विवाद का मामला पूर्व में सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के निर्देशानुसार संबंधित पक्ष को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा। चर्चा के दौरान लगभग 50 लाख रुपये के आस-पास मुआवजा दिए जाने की संभावना जताई गई। कलेक्टर के बैठक में विलंब से पहुंचने के कारण चर्चा का समय सीमित रहा, लेकिन उन्होंने सभी बिंदुओं पर स्पष्ट मार्गदर्शन दिया। परिषद सदस्यों ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम प्रकरण शीघ्र सुलझ जाएगा।

### टैगोर पार्क एवं सामुदायिक भवन

टैगोर पार्क और उससे जुड़े सामुदायिक भवन को लीज पर देने के प्रस्ताव पर लगभग एक घंटे तक चर्चा चली। कई पार्षदों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि टैगोर पार्क को निजी हाथों में देना उचित नहीं होगा। पार्षदों ने इसे सार्वजनिक उपयोग की संपत्ति बताते हुए इसके संरक्षण पर जोर दिया। चर्चा के बाद सहमति बनी कि टैगोर पार्क को लीज पर नहीं दिया जाएगा, लेकिन अन्य सामुदायिक भवनों को नियमानुसार प्रक्रिया अपनाकर लीज पर दिया जा सकता है, जिससे नगर पालिका की आय में वृद्धि हो और भवनों की देखरेख बेहतर ढंग से हो सके।

### मछली बाजार स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

सिंधी धर्मशाला के सामने स्थित मछली बाजार परिसर में बने जर्जर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लेकर भी चर्चा हुई। परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उक्त भवन को लीज पर दिया जाए, ताकि उससे नियमित आय हो सके। लीज की शर्तें परिषद अध्यक्ष की अगुवाई में तय की जाएंगी और संभावना है कि 10 से 20 वर्ष की अवधि के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### इंदिरा चौक से बस स्टैंड तक सडक़

इंदिरा चौक से बस स्टैंड तक बनने वाली सडक़ लंबे समय से विवादों में रही है। व्यापारियों ने सडक़ की अधिक चौड़ाई और 3 मीटर प्रस्तावित डिवाइडर पर आपत्ति जताई थी। बैठक में यह सहमति बनी कि डिवाइडर की चौड़ाई घटाकर लगभग 1 मीटर की जाएगी और सडक़ की चौड़ाई भी व्यवहारिक रूप से कम की जाएगी, ताकि किसी को अनावश्यक नुकसान न हो। यह मार्ग शहर के प्रमुख संपर्क मार्गों में से एक है, जो बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मुख्य बाजार को जोड़ता है। जर्जर सडक़ के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं और यातायात प्रभावित हो रहा था। परिषद ने निर्णय लिया कि व्यापारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

### परिषद अध्यक्ष व पार्षदों के बयान

नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने कहा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए परिषद प्रतिबद्ध है। नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, परिषद पीछे नहीं हटेगी। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और जनहित सर्वोपरि रहेगा।

वहीं भाजपा पार्षद सिल्लू रजक ने परिषद में यह मुद्दा उठाया कि पुराने एसओआर के कारण कार्य नहीं हो पा रहे हैं और नए एसओआर के लागू होने की प्रतीक्षा में टेंडर प्रक्रिया रुकी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि इस विषय में शीघ्र निर्णय लेकर टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। समग्र रूप से शुक्रवार को आयोजित यह बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ संपन्न हुई। सीमित समय के बावजूद प्रमुख मुद्दों पर स्पष्टता आई और नगर विकास से जुड़े प्रस्तावों को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। परिषद ने संकेत दिया कि आने वाले समय में शहर के विकास, आय वृद्धि और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# पति की गला घोंटकर हत्या करने वाली पत्नी को उम्रकैद

धनपुरी

प्रेम की कसमें खाकर सात फेरे लेने वाली पत्नी जब काल बन जाए, तो न्याय का मंदिर भी रहम नहीं करता। धनपुरी थाना क्षेत्र के चर्चित सुरेश बैगा हत्याकांड में अपर सत्र न्यायालय बुढार के जिला न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी पत्नी राधा कोल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के इस कड़े फैसले ने साफ कर दिया है कि कानून की नजरों में जघन्य अपराध के लिए कोई माफी नहीं है।

### शराब और गुस्से ने उजाड़ा संसार

मामला 21 जनवरी 2025 का है, जब मृतक सुरेश बैगा शराब के नशे में घर पहुंचा था। मामूली विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि राधा कोल ने अपनी ममता और मर्यादा को ताक पर रख दिया। आवेश में आकर उसने अपने ही पति को जमीन पर पटका और तब तक गला दबाए रखा जब तक उसकी सांसें नहीं थम गईं। जिस हाथ में पति के नाम की मेहंदी थी, उसी हाथ से राधा ने सुहाग का गला घोंट दिया।

### साक्ष्यों के चक्रव्यूह में फंसी कातिल पत्नी

अपर लोक अभियोजक आलोक राय और अशोक सिसोदिया की धारदार पैरवी ने अदालत में यह साबित कर दिया कि वारदात के वक्त कमरे में सिर्फ आरोपी और मृतक ही थे। थाना प्रभारी खेमसिंह पेन्द्रो द्वारा पेश की गई मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्टरों के बयानों ने राधा के झूठ की धज्जियां उड़ा दीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हुआ कि सुरेश की मौत दम घुटने से हुई थी और उसके शरीर पर संघर्ष के निशान गवाही दे रहे थे कि मौत से पहले उसने बचने की नाकाम कोशिश की थी।

### 500 रुपये अर्थदंड और सलाखों के पीछे पूरी जिंदगी

न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी राधा कोल को धारा 302 भादवि के तहत दोषी पाया। सत्र प्रकरण क्रमांक 54/2025 में अपना फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद और अर्थदंड से दंडित किया। इस फैसले से पूरे धनपुरी-बुढार क्षेत्र में चर्चा है कि आवेश में उठाया गया एक गलत कदम न केवल परिवार उजाड़ता है, बल्कि अपराधी को उम्र भर के लिए अंधेरी कोठरी में धकेल देता है।

# शहडोल के गांधी चौक पर सियासी उबाल

## कांग्रेस ने फूंका भाजपा के तीन दिग्गज मंत्रियों का पुतला





**शहडोल।** मध्य प्रदेश की कमान संभाल रहे मंत्रियों की खामोशी और विवादित बयानों के खिलाफ शहडोल में कांग्रेस का गुस्सा फूट पड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान और जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के निर्देश पर गांधी चौक रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के तीन कद्दावर मंत्रियों का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग से आसमान गुंजा दिया।

### कटघरे में शुक्ला, शाह और विजयवर्गीय

कांग्रेस ने सीधा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश अब मौत के तांडव और अहंकार की भेंट चढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने राजेंद्र शुक्ला को कफ सिरप कांड, विजय शाह को सेना व महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी और कैलाश विजयवर्गीय को दूषित जल से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराया। कांग्रेस नेताओं ने दोटूक कहा कि इन मंत्रियों को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

### बर्दाश्त से बाहर है भाजपा की बदजुबानी

पुतला दहन के दौरान सबसे तीखा प्रहार कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ इस्तेमाल किए गए अमर्यादित शब्दों पर किया गया। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि आदिवासियों और विपक्षी नेताओं का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि भाजपा के मंत्री सत्ता के नशे में चूर होकर अपनी गरिमा भूल चुके हैं।

### आर-पार की जंग का ऐलान

ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश आज आर्थिक बदहाली और प्रशासनिक अराजकता के दौर से गुजर रहा है। स्वास्थ्य से लेकर महिला सुरक्षा तक, हर मोर्चे पर सरकार फेल है। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि यह केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ निर्णायक युद्ध का शंखनाद है। अब चुप बैठने का वक्त निकल चुका है। जब जनता पानी और दवा के अभाव में दम तोड़ रही हो और मंत्री अभद्र टिप्पणियों में व्यस्त हों, तो ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना ही अंतिम विकल्प है।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम के मुख्य रूप से सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, सिंहपुर ब्लाक अध्यक्ष अजीत सोनी, जिला उपाध्यक्ष प्रभात पाण्डेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, युवा काँग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, वरिष्ठ कांग्रेसी विष्णू प्रताप सिंह,पार्षद हीरालाल प्रजापती, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पुष्पराज सिंह, हरिशंकर तिवारी, आशीष द्विवेदी, राकेश सोंधिया, निशांत जोशी, अमन तिवारी, दीपांशु गुप्ता, आशु, साहिल, प्रवीण, ओम, कृतेंद्र, जसवीर सिंह पप्पू सरदार, लालू सरदार, धनु वर्मा, डैनी फ्रांसिस, सुमित मलिक, जितेंद्र हथगेल, अलीम रिजवी सहित बड़ी संख्या में काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड बना जाम का जंजाल

# खाकी की नाक के नीचे मौत को दावत दे रही अव्यवस्था



**जयसिंहनगर।** नगर की यातायात व्यवस्था आईसीयू में पहुंच चुकी है। रीवा-अमरकंटक मुख्य मार्ग और छत्तीसगढ़-जनकपुर मार्ग का तिराहा इन दिनों राहगीरों के लिए सडक़ का नर्क बन गया है। बस स्टैंड परिसर में पार्किंग के नाम पर मचे जंगलराज और बेतरतीब खड़े वाहनों ने शहर की रफ्तार पर बेडिय़ां डाल दी हैं। आलम यह है कि एम्बुलेंस और स्कूली वाहन घंटों रेंगने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन अपनी कुंभकर्णी नींद त्यागने को तैयार नहीं है।

### संदीपनी स्कूल के मासूमों पर मंडराता खतरा

सबसे भयावह स्थिति संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास निर्मित होती है। स्कूल लगने और छुट्टी के समय बस स्टैंड के आसपास खड़ी बसों और ऑटो के कारण बच्चों को जान जोखिम में डालकर सडक़ पार करनी पड़ रही है। अभिभावकों का गुस्सा सातवें आसमान पर है, उनका कहना है कि प्रशासन शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। क्या मासूमों की जान की कीमत इन लापरवाह अधिकारियों की नींद से कम है?

### थाने की नाक के नीचे खुलेआम उल्लंघन

हैरानी की बात तो यह है कि बस स्टैंड से चंद कदमों की दूरी पर पुलिस थाना मौजूद है। पुलिस की आंखों के सामने यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, अवैध पार्किंग का जाल बिछा है, लेकिन मजाल है कि किसी वर्दीधारी का डंडा इन पर चले। नगरवासियों का सीधा आरोप है कि पुलिस और रसूखदार वाहन मालिकों के बीच मौन सहमति ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है।

### अब बर्दाश्त नहीं होगा जाम का जाम

नगरवासियों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि तत्काल स्थायी पार्किंग व्यवस्था नहीं की गई और स्कूल क्षेत्र को सेफ जोन घोषित नहीं किया गया, तो चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन तय है। अब कोरे आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, जयसिंहनगर को इस ट्रैफिक टॉर्चर से मुक्ति चाहिए।

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर धनपुरी में विधिक न्याय का शंखनाद



**धनपुरी।** न्याय केवल किताबों में नहीं, आम आदमी की चौखट तक पहुंचना चाहिए। इसी संकल्प के साथ विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर नगरपालिका धनपुरी के सभागार में एक वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने दोटूक शब्दों में स्पष्ट किया कि सामाजिक न्याय की अवधारणा तभी सार्थक होगी, जब समाज का अंतिम व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति सजग होगा।

### संविधान की ताकत और कर्तव्यों का बोध

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीनाथ सिंह के मार्गदर्शन और जिला न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में कानून की बारीकियों को बेहद कड़े और स्पष्ट लहजे में समझाया गया। मुख्य अतिथि न्यायिक अधिकारी श्रीमती आकांक्षा तेकाम और ऋषव दीक्षित (व्यवहार न्यायाधीश, बुढार) ने उपस्थित पुलिस बल और नगरपालिका कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय महज एक शब्द नहीं, बल्कि हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने पॉक्सो एक्ट और मुफ्त विधिक सहायता की जानकारी देते हुए तंत्र को और अधिक संवेदनशील बनने की नसीहत दी।

### पुलिस और प्रशासन को सख्त हिदायत

शिविर के दौरान न्यायिक अधिकारियों का तेवर सख्त नजर आया। उन्होंने पुलिस थाना बुढार और धनपुरी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि कानूनी प्रक्रिया में सुलभता लाई जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पक्षकारों को समय पर और सुलभ न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि कानूनी प्रक्रियाओं के मकडज़ाल में न्याय दबता है, तो वह सामाजिक न्याय की हार है।

### वन माफिया की जंग खाकी के संग

**जयसिंहनगर में वन विभाग की टीम पर खूनी हमला, 7 आरोपी गिरफ्तार**

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के उमरखोही जंगल में अवैध साल की लकड़ी काटने और उसे तस्करी करने वाले माफिया के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने खाकी और वर्दी पर ही हमला बोल दिया। बीट गार्ड और वन विभाग की टीम पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करने वाले बाबूलाल यादव एंड कंपनी के कुनबे को जयसिंहनगर पुलिस ने करारा सबक सिखाया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 मुख्य आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है, जबकि 2 महिला आरोपियों को नोटिस थमाया गया है। वारदात 19 फरवरी की है, जब बीट गार्ड रविनंदन सिंह परस्ते को सूचना मिली कि ताली बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 286 में साल के कीमती पेड़ों का कत्लेआम हो रहा है। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तो वहां आरोपी बाबूलाल यादव, महेंद्र, सुरेंद्र, नरेंद्र और राजमणि यादव मोटरसाइकिल पर अवैध लकड़ी लादकर तस्करी की फिराक में थे। जब टीम ने वैध दस्तावेज मांगे, तो तस्करों का खून खौल उठा। उन्होंने न केवल लकड़ी देने से मना किया, बल्कि सरकारी कर्मचारियों पर टूट पड़े।

## सौर मंडल के रहस्यों से उठा पर्दा

# शहडोल में सोलर साइकिल-25 पर युवा वैज्ञानिकों का महामंथन



**शहडोल।**

विज्ञान केवल किताबों में नहीं, बल्कि अंतरिक्ष की गहराइयों में छिपे रहस्यों को खोजने का नाम है। इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए स्थानीय विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में सोलर साइकिल-25 एवं उसकी गतिविधियां विषय पर एक भव्य विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार ने न केवल विद्यार्थियों की शोध क्षमता को निखारा, बल्कि स्पेस वेदर (अंतरिक्ष मौसम) जैसे जटिल विषयों पर ज्ञान का नया क्षितिज खोला।

### शोध से ही बढ़ेगा देश का मान

कार्यक्रम में कुलगुरु महोदय का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों के शोध प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ही भविष्य के महान वैज्ञानिकों की पौध तैयार करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैज्ञानिक सोच, डेटा विश्लेषण और नवाचार ही आज के युग की असली शक्ति है। कुलगुरु ने भौतिक विभाग द्वारा शोध के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताया।

### युवा शोधार्थियों का धमाका

सेमिनार की सबसे बड़ी विशेषता छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए उच्च स्तरीय शोध पत्र रहे। काजल पाठक, अवंतिका कुशवाहा, अंकिता सिंह, अमन शाह, वरुणेंद्र शुक्ला, प्राची राय सहित 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन जैसे विषयों पर अपना डेटा-आधारित प्रेजेंटेशन दिया। डॉ. प्रीति पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में तैयार इन शोध पत्रों ने यह साबित कर दिया कि शहडोल के विद्यार्थी वैश्विक स्तर की वैज्ञानिक चुनौतियों पर काम करने में सक्षम हैं।

### बारीकियों पर हुआ संवाद

प्रो. प्रमोद कुमार पांडेय ने शोध पत्र लेखन और विश्लेषण की वैज्ञानिक विधियों पर कड़ा और प्रभावी व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि शोध केवल जानकारी जुटाना नहीं, बल्कि उसे सही तरीके से दुनिया के सामने रखना है। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों के समर्पण को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो. अमित कुमार निगम, डॉ. प्रीति पाण्डेय, अनुराग पांडेय सहित अन्य फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में डॉ. प्रीति पाण्डेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का सफल समापन किया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने करकेली विकासखंड एवं पाली विकासखंड में हायर सेकेण्ड्री की नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषय,शारीरिक शिक्षा,एआई कि परीक्षा का निरीक्षण किया। करकेली विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकेली मे आयोजित परीक्षा में 29 बच्चों ने परीक्षा दी । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में 49 में से 48 विद्यार्थियो ने परीक्षा । शासकीय उमावि मुदरिया में 6 बच्चों ने परीक्षा दी । निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या उमावि पाली की कुछ कक्षाओं में कम रोशनी पाई गई जहां पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही कक्षाओं की पुताई करवाने के भी निर्देश कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए। शासकीय उमावि मुदरिया के स्कूल परिसर में गंदगी पाई गई, जिस पर नियमित रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान संबंधित परीक्षा केद्रों के केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे ।

### कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़े 8 स्थायी वारंटी

**कोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन मे रात्रि में कोतमा पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान न्यायालय से जारी वारंटियों की गिरफ्तारी तथा गुंडा बदमाशों की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। 08 स्थायी गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि प्रकरण क्रमांक 1234/22, अपराध क्रमांक 571/22 वारंटी मौसम गुप्ता पिता राकेश गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्र 04 कोतमा 13 (क) जुआ एक्ट के प्रकरण में तथा आकाश कोल पिता हेमलाल कोल उम्र 19 वर्ष निवासी दमकीटोला थाना कोतमा के 13 (क) जुआ एक्ट. के प्रकरण में मदन कोल पिता विशाल कोल उम्रार 40 वर्जूष निवासी गोविन्दा गावं थाना कोतमा के। धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के प्रकरण में कमल सिह पिता बंशु सिह गोड उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्र 04 कोतमा का 13 (क) जुआ एक्ट के प्रकरण मे बालमीक सोनी पिता धर्मदास सोनी उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्र 04 कोतमा का 13 (क) जुआ एक्ट के प्रकरण मे सूरज कुशवाहा पिता रामधनी कुशवाहा उम्र 27 वर्ष निवासी बनियाटोला कोतमा के 13 (क) जुआ एक्ट प्रकरण मे जितेन्द्र सोनी पिता पुरषोत्तम सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्र 06 कोतमा के13 (क) जुआ एक्ट प्रकरण मे रोहित नामदेव पिता स्व0 गोविन्तद नामदेव उम्र 30 वर्ष निवासी कोतमा के 13 (क) जुआ एक्ट प्रकरण मे वारंट तामील कराया गया।

नपा अधिकारी के द्वारा लापरवाह ठेकेदार को दिया गया अभयदान

# नगर परिषद जयसिंहनगर का सागर तालाब रो रहा अपनी दुर्दशा के आंसू

### छः माह की समयावधि का कार्य तीन साल में नहीं हो सका पूर्ण

**जयसिंहनगर।** नगर परिषद जयसिंहनगर हमेशा ही चर्चा के विषय में बना रहता है लेकिन इन दिनों नगर परिषद जयसिंहनगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में स्थित दुर्गा मंदिर के बगल में दुर्गा सागर तालाब जो सरकारी योजना के अंतर्गत भारी भरकम लागत राशि से उन्नयन के लिए स्वीकृत हुआ था कार्य पूर्ण होने की समय अवधि 6 माह के लिए थी लेकिन तीन साल से साल अधिक समय बीत जाने के बाद भी नगर परिषद में राशि उपलब्ध होने के बाद पता नहीं ऐसी क्या पारिस्थितिक उत्पन्न हो रही है कि नगर परिषद जयसिंहनगर के दुर्गा सागर के उन्नयन का कार्य आज भी शुरू नहीं हो सका जो नगर परिषद जैसीनगर के प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता को साफ जाहिर करता है जिसमें यह साफ प्रतीत होता है कि नगर परिषद जयसिंहनगर के जिम्मेदार मुख्य नगर परिषद अधिकारी के द्वारा ठेकेदार को पत्राचार तो किया जाता है लेकिन कार्यवाही से बचने के लिए उदासीनता भी बराबर बरती जा रही है

### 2023 के अक्टूबर में हुआ था अनुबंध

नगर परिषद जयसिंहनगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित दुर्गा सागर तालाब के उन्नयन कार्य के लिए जारी अधीनस्थ अनुसूची में अंकित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा क्रमांक 2323_रष्ठ_273707_1 में प्राप्त न्यूनतम कार्यदर जो नगर परिषद जयसिंहनगर के प्रस्ताव क्रमांक 05/07/2023 को अनुसार निविदाकार अतुल कुमार गुप्ता से 5/10 2023 को नगर परिषद के द्वारा अनुबंध के माध्यम से 56.90 लाख की भारी भरकम रस से उन्नयन के कार्य को ठेकेदार को सोपा गया साथ ही उक्त कार्य को पूर्ण करने की अवध 6 माह को दर्शाया गया था जिसको अनन्या कंस्ट्रक्शन के मालिक ठेकेदार अतुल कुमार गुप्ता के द्वारा शुरू भी कर दिया गया और साथ ही कुछ राशि का आहरण भी उपयंत्री की मिलीभगत से किया गया और लगभग 20 दिनों के बाद उक्त कार्य को बारिश शुरू होने का बहाना बना करके बंद कर दिया गया





56.90 लाख की भारी रकम से किया जाना था उन्नयन का कार्य

ठेकेदार को किया गया कार्य शुरू करने के लिए पत्राचार

नगर परिषद जयसिंहनगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा दिनांक 1/2/2024 को अन्य कंस्ट्रक्शन के मालिक अतुल कुमार गुप्ता को पत्र क्रमांक 879 के माध्यम से अवगत कराया की आपके द्वारा नगर परिषद से 6 माह में कार्य पूर्ण करने का अनुबंध किया गया था लेकिन आपकी एजेंसी के द्वारा कुछ कार्य तो शुरू किए गए लेकिन बाद में कार्य बंद कर दिया गया अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप साथ दिवस के अंदर कार्य प्रारंभ कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत को सूचित करें लेकिन ठेकेदार के ऊपर इस पत्र का कोई असर ही नहीं हुआ और कार्य आज भी बंद है।

### निर्माण कार्य में समय वृद्धि के लिए लिखा पत्र

अन्य कंस्ट्रक्शन के मालिक अतुल कुमार गुप्ता के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को 2 अप्रैल 2024 को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि मेरे द्वारा कार्य शुरू किया गया था लेकिन स्मक वर्षा होने के कारण हुआ निर्माण स्थल में आसपास किसानों की खेती होने के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है जिससे कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है अतः मुझे उक्त निर्माण कार्य को पूर्ण करने की समय वृद्धि प्रदान की जाए लेकिन सोचने वाली बात यह है कि अप्रैल के महीने में ऐसी बारिश तो नहीं हुई कि कोई निर्माण कर प्रभावित हुए हो अब दुर्गा सागर तालाब का मामला क्या है यह तो जिम्मेदार ही इसका जवाब दे पाएंगे।

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फिर लिखा गया पत्र

दुर्गा सागर तालाब के निर्माण एजेंसी अनन्या कंस्ट्रक्शन के मुखिया अतुल कुमार गुप्ता के द्वारा 18/6/2025 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि मेरे द्वारा कुछ कार्य जो अर्थ वर्क और एक्सकाबेसन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है लेकिन वर्ष प्रारंभ होने के कारण कार्य बंद कर दिया गया है और वर्ष समाप्ति होने के पश्चात मेरे द्वारा पूर्ण कर शुरू कर दिया जाएगा

### दोबारा निर्माण एजेंसी को दिया गया समय

नगर परिषद जयसिंहनगर के द्वारा बुलाई गई बैठक में सर्वसम्मत से समस्त पार्षदों की उपस्थिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा निर्माण एजेंसी के मुखिया को अध्यक्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी व समस्त पार्षदों की सहमत से वार्ड क्रमांक 9 के दुर्गा सागर तालाब के उन्नयन कार्य के लिए 31 मार्च 2025 तक निर्माण कर को पूर्ण करने हेतु समय वृद्धि प्रदान किया गया था लेकिन निर्माण एजेंसी के मुखिया की मनमानी अपनी चरम सीमा पर इतनी ज्यादा है कि 2025 से 2026 की मार्च आने का समय आ गया है लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक उक्त कार्य स्थल पर कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है

निर्माण एजेंसी को तीसरी बार जारी किया गया पत्र

नगर परिषद जयसिंहनगर के जिम्मेदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ठेकेदार हुआ निर्माण एजेंसी के ऊपर समय बाद में कार्य पूर्ण न होने पर कार्यवाही करने के बजाय उनका लगातार पत्राचार के माध्यम से अभय दान देने का कार्य किया गया क्योंकि एक के बाद दूसरा और के बाद तीसरा पत्र क्रमांक 101 दिनांक 06/05/2025 को जारी होना साफ जाहिर होता है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी व उपन्यत्री के द्वारा अन्य कंस्ट्रक्शन के मुखिया अतुल कुमार गुप्ता को खुला अभय दान दिया जा रहा है जिससे दुर्गा सागर तालाब जो की 6 माह में पूर्ण होने का अनुबंध हुआ था वह आज 3 साल से अपनी दुर्दशा के आंसू रो रहा है और कोई भी जिम्मेदार अपना ध्यान आकर्षण इसी ओर करने को तैयार नहीं है

### इनका कहना है

हमने पूर्व में भी निर्माण एजेंसी को पत्र जारी करके कार्य शुरू करने के लिए आदेशित किया है, लेकिन आज तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है हमने सामने बुलाकर के सात दिवस के अंदर कार्य प्रारंभ करने को बोला गया है यदि कार्य शुरू नहीं होता है तो इस एजेंसी का टेंडर निरस्त कर दिया जाएगा।

**निशांत सिंह ठाकुर**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

# बेटियों के सम्मान में छात्राएं उतरीं मैदान में

### प्राचार्य की तानाशाही और अभद्र टिप्पणियों से दहला मानपुर

**उमरिया।** जिले के मानपुर विकासखंड स्थित कन्या शिक्षा परिसर में उस समय भारी बवाल मच गया, जब वहां पढने वाली छात्राएं अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए सडक़ों पर उतर आईं। परिसर के प्राचार्य अमरजीत द्विवेदी पर छात्राओं ने जो आरोप लगाए हैं, वे न केवल गंभीर हैं बल्कि शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाले हैं। छात्राओं का सीधा आरोप है कि प्राचार्य न केवल उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, बल्कि उनकी अस्मिता और चरित्र पर भी ओछी व आपत्तिजनक टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते।

चरित्र पर कीचड़ उछालना बंद करो सडक़ों पर नारेबाजी कर रही छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि अमरजीत द्विवेदी द्वारा लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। छात्राओं का आरोप है कि प्राचार्य उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हैं और मोबाइल रखने के झूठे आरोप लगाकर उनके खिलाफ अश्लील टिप्पणियां करते हैं। छात्राओं ने दोटूक कहा कि






प्राचार्य की इस घटिया मानसिकता और प्रताडऩा के कारण वे खुद को असुरक्षित और विवश महसूस कर रही थीं, जिसके चलते आज उन्हें यह कड़ा कदम उठाना पड़ा।

### साजिश और राजनीति का अड्डा बना परिसर!

प्रदर्शनकारी छात्राओं ने स्पष्ट किया कि वर्तमान अधीक्षिका साक्षी शुक्ला के पदभार ग्रहण करने के बाद से परिसर की व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार भोजन, नाश्ता, चिकित्सा और शैक्षणिक भ्रमण जैसी सुविधाएं मिलने लगी हैं। छात्राओं का आरोप है कि पूर्व की अव्यवस्थाओं को ढंकने और वर्तमान बेहतर कार्यप्रणाली को बाधित करने के लिए प्राचार्य द्वारा साजिश रची जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्राचार्य ने मीडिया को गुमराह कर अधीक्षिका साक्षी शुक्ला और शिक्षक दिनेश चंद्र साहू पर बेबुनियाद आरोप मढ़े हैं, जो पूरी तरह निराधार हैं।

### दागी प्राचार्य को तत्काल हटाओ

छात्राओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते ऐसे दागी और विवादित प्राचार्य को मानपुर कन्या शिक्षा परिसर से नहीं हटाया गया, तो यहां की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो जाएगी। छात्राओं ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर से मांग की है कि इस गंभीर प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि बेटियां निडर होकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें।

# संगीत पर भारी पड़ी ठगों की साजिश, 2.50 लाख साफ!

**नौरोजाबाद।** डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर अपराधी अब गिद्ध की तरह मासूम और बुजुर्गों का शिकार कर रहे हैं। ताजा मामला नौरोजाबाद का है, जहां एक रिटायर्ड शिक्षक के सुकून भरी रिटायरमेंट लाइफ और संगीत साधना में ठगों ने ऐसा सुर छेड़ा कि उनके जीवन भर की कमाई के 2.50 लाख रुपये पलक झपकते ही उड़ गए। बांसुरी की धुन सुनने के शौकीन शिक्षक को क्या पता था कि कूरियर ट्रैकिंग के नाम पर साइबर ठग उनकी ही जेब बजाने की तैयारी में बैठे हैं।




### बांसुरी मंगाई, बैंक खाता गंवाया

रिटायर्ड शिक्षक राजाराम चौहान ने चेन्नई की एक प्रतिष्ठित कंपनी से चार बांसुरियां ऑर्डर की थीं। ऑर्डर के बाद व्हाट्सएप पर रसीद और ट्रैकिंग नंबर भी आया, यहां तक सब कुछ प्रोफेशनल और सामान्य था। असली खेल तब शुरू हुआ जब शिक्षक ने पार्सल की लोकेशन जानने के लिए लिंक खोला। वहां मौजूद एक संदिग्ध मोबाइल नंबर पर कॉल करना ही उनकी सबसे बड़ी भूल साबित हुई।

### ठगी का साइलेंट अंदाज

फोन उठाने वाले शातिर शिकारी ने बड़ी ही शालीनता से बात की। उसने भरोसा दिलाया कि पार्सल में मोबाइल नंबर गलत दर्ज है, जिसे सुधारने के लिए एक छोटी सी प्रक्रिया करनी होगी। ठग ने बिना किसी हड़बड़ी के, बेहद धैर्य के साथ शिक्षक को अपने जाल में फंसाया।

### ठगों का सर्जिकल स्ट्राइक

ठगों ने शिक्षक से न केवल नया मोबाइल नंबर लिया, बल्कि एक फर्जी लिंक भेजकर भुगतान के नाम पर झांसा दिया। हद तो तब हो गई जब भरोसे में आए शिक्षक ने अपने एटीएम कार्ड का 16 अंकों का नंबर और पीछे दर्ज अत्यंत गोपनीय कोड नंबर भी साझा कर दिया। ठगों की चालाकी देखिए, शिक्षक को यकीन दिलाने के लिए पार्सल पोस्ट ऑफिस तक पहुंचने दिया गया, ताकि उन्हें लगे कि सब कुछ ठीक है, लेकिन पर्दे के पीछे ठगों ने खाते में सेंध लगा दी थी।

### बैंक के फोन से उड़े होश

जब बैंक से कॉल आया कि खाते से ढाई लाख रुपये निकल चुके हैं, तब जाकर राजाराम चौहान को एहसास हुआ कि वह एक भयानक डिजिटल डकैती का शिकार हो चुके हैं। आनन-फानन में एटीएम ब्लॉक कराया गया, लेकिन तब तक लुटेरे अपना काम कर चुके थे। अब मामला साइबर हेल्पलाइन 1930 और नौरोजाबाद थाने की चौखट पर है।

### पुलिस की चेतावनी न दें गोपनीय जानकारी

थाना प्रभारी बालेंद्र शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साफ किया है कि यह फिशिंग और सोशल इंजीनियरिंग का क्लासिक केस है। आरोपी ने पहले पीड़ित का विश्वास जीता और फिर उनकी बैंकिंग प्राइवेसी में घुसपैठ की। पुलिस ने जनता को सख्त चेतावनी दी है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। एटीएम नंबर, सीवीवी या ओटीपी साझा करना आर्थिक आत्महत्या जैसा है। कूरियर कंपनियों के नाम पर गूगल पर मिलने वाले रैंडम नंबरों पर भरोसा न करें।

### डिजिटल सुरक्षा का क्या?

यह घटना सिर्फ एक शिक्षक की आर्थिक क्षति नहीं है, बल्कि सिस्टम के मुँह पर तमाचा है कि कैसे साइबर अपराधी बिना किसी डर के लोगों के बेडरूम तक पहुँचकर डकैती डाल रहे हैं। अगर एक शिक्षित रिटायर्ड शिक्षक इस जाल में फँस सकता है, तो आम नागरिक की सुरक्षा भगवान भरोसे है। सावधान रहें! आपकी एक छोटी सी जानकारी ठगों के लिए चाबी और आपके लिए बरबादी का सबब बन सकती है।

# छूलकारी के जंगल में सज रहा अवैध 52 पत्ती का अड्डा

**बदरा/जमुना।** ग्रामीण क्षेत्र में एक बार फिर अवैध जुए का कारोबार तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है फूनगा चौकी अंतर्गत छूलकारी के जंगल में नदी किनारे सुनसान स्थानों पर प्रतिदिन 52 पत्ती' (ताश) का जुआ संचालित किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि कोतमा निवासी कमलेश द्वारा जंगल के सुरक्षित और एकांत स्थानों का चयन कर नियमित रूप से जुआ खिलाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कार्रवाई से बचने के लिए जुए का अड्डा लगातार स्थान बदलता रहता है चुलकारी के जंगल के अलावा रक्सा कोलमी और बिजौड़ी गांव के जंगलों तथा नदी किनारे के अन्य सुनसान इलाकों में भी जुआरियों का जमावड़ा देखा जा रहा है शाम ढलते ही इन स्थानों पर बाहरी और स्थानीय लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है और देर रात तक हजारों रुपये का दांव लगाया जाता है जंगल और नदी किनारे का क्षेत्र होने के कारण पुलिस की नजर से बचने में जुआ संचालकों को आसानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि की चपेट में क्षेत्र के युवा, मजदूर और दैनिक वेतनभोगी व कलारी कर्मचारी वर्ग तेजी से फंसते जा रहे हैं मेहनत की कमाई जुए में हारने से कई परिवार आर्थिक संकट, कर्ज और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं कई घरों में पारिवारिक विवाद, कलह और सामाजिक अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। गौरतलब है कि पूर्व में जमुना कॉलोनी निवासी मुन्ना रजक के एक ही परिवार के 6 लोगों ने जुए में भारी रकम हारने और आर्थिक संकट से परेशान होकर सामूहिक आत्महत्या कर ली थी, जिससे पूरा क्षेत्र स्तब्ध रह गया था इस घटना के बाद भी क्षेत्र में जुए की गतिविधियां पूरी तरह बंद नहीं हो सकीं, जिससे ग्रामीणों में गहरी चिंता और आक्रोश बना हुआ है। नागरिकों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए फूनगा चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्ते, थाना प्रभारी विपुल शुक्ला और पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान से तत्काल छापामार कार्रवाई कर अवैध जुए के इस कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में खुलेआम संचालित हो रहे इस जुए के कारण कानून का भय समाप्त होता नजर आ रहा है और यदि प्रशासन ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए तो क्षेत्र में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है।

# श्री नर्मदा परिक्रमा हेतु स्वामी धर्मानंद जी महाराज का अमरकंटक से शुभ प्रस्थान



### दोपहर 12 बजे विशेष पूजन, कन्या पूजन एवं संत भंडारे के साथ आरंभ हुई पावन यात्रा

**अमरकंटक।** मध्यप्रदेश की पुण्यभूमि अमरकंटक स्थित श्री नर्मदा मंदिर उद्गम स्थल से आज श्री नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। श्री कल्याण सेवा आश्रम के सान्निध्य में पूज्य स्वामी धर्मानंद महाराज ने मां नर्मदा नदी की परिक्रमा का विधिवत संकल्प लेकर पावन यात्रा के लिए प्रस्थान किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। भजन-कीर्तन, शंखनाद और "नर्मदे हर" के जयघोष से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। दूर-दूर से आए भक्तों ने मां नर्मदा के दर्शन कर परिक्रमा के इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। श्री नर्मदा मंदिर के विद्वान पुजारियों द्वारा शास्त्रोक्त विधि से मां नर्मदा का पंचामृत अभिषेक, पुष्पार्चन एवं महाआरती की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंडित नंदन द्विवेदी, पंडित कमलेश द्विवेदी, पंडित रुपेश द्विवेदी, पंडित हर्ष द्विवेदी सहित अन्य पुजारीगण उपस्थित रहे। सभी ने विधिवत संकल्प कराते हुए स्वामी धर्मानंद महाराज को तिलक कर आशीर्वाद प्रदान किया तथा परिक्रमा की निर्विघ्न एवं सफल पूर्णता की मंगलकामना की। पूजन के उपरांत स्वामी धर्मानंद महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्मदा परिक्रमा आत्मअनुशासन, तप और समर्पण की सर्वोच्च साधना है। मां नर्मदा की कृपा से साधक को मानसिक शांति, आध्यात्मिक उन्नति एवं नई ऊर्जा की प्राप्ति होती है। विशेष पूजन के पश्चात कन्या पूजन का आयोजन किया गया। बालिकाओं का विधिवत पूजन कर उन्हें प्रसाद एवं दक्षिणा प्रदान की गई। इसे सनातन परंपरा में देवी स्वरूपा कन्याओं का सम्मान माना जाता है। इसके पश्चात संत समाज के लिए एक लघु भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें संतों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सेवा भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी और सभी ने मिलकर भक्ति एवं सद्भाव का परिचय दिया। इस पावन अवसर पर श्री कल्याण सेवा आश्रम के संतगणकृस्वामी हरस्वरूप महाराज, स्वामी नर्मदानंद महाराज, ब्रह्मचारी मनीष, स्वामी सुंदरानंद महाराज पंडित संदीप ज्योतिषी तथा उमाशंकर पांडेय सहित अनेक श्रद्धालु एवं नागरिक बंधुवर उपस्थित रहे। संतों एवं भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वामी धर्मानंद महाराज का अभिनंदन किया। भावभीनी विदाई के साथ परिक्रमा यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मंदिर परिसर "नर्मदे हर" और "हर हर महादेव" के जयघोष से गुंजायमान रहा। धार्मिक मान्यता है कि मां नर्मदा के दर्शन मात्र से पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार नर्मदा का संबंध भगवान भगवान शिव की तपस्या से माना गया है, इसलिए नर्मदा परिक्रमा को अत्यंत पुण्यदायी साधना का स्थान प्राप्त है। लगभग तीन हजार किलोमीटर की यह परिक्रमा तप, त्याग, संयम और आस्था का अद्भुत संगम है। साधक एक तट से यात्रा प्रारंभ कर दूसरे तट से लौटते हैं और पूरे मार्ग में नियमों का कठोर पालन करते हैं। नर्मदा परिक्रमा भारतीय सनातन संस्कृति की महान आध्यात्मिक परंपरा है, जो व्यक्ति को आत्मबल, धैर्य और श्रद्धा की शक्ति प्रदान करती है।

# तीन मंत्रियों व मुख्यमंत्री का पुतला दहन

### कांग्रेस ने इस्तीफे की मांग की

**बदरा/जमुना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जमुना बदरा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना भालूमाडा के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों राजेंद्र शुक्ला, विजय शाह एवं कैलाश विजय वर्गीय का पुतला दहन किया प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए संबंधित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कफ सिरप कांड से कई परिवारों की जिंदगी प्रभावित हुई है, वहीं इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की जिम्मेदारी भी सरकार ने नहीं ली साथ ही सेना के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ मुख्यमंत्री के बयान को लेकर भी कांग्रेस ने नाराजगी जताई। इस दौरान मीडिया से बातचीत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के तीनों मंत्री बेलगाम हो चुके हैं और जनता से जुड़े गंभीर मामलों में कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं उन्होंने कहा कि दूषित पानी से इंदौर में हुई मौतों, सेना पर की गई कथित टिप्पणी और कफ सिरप कांड से कई लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित मंत्रियों और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ की गई बयानबाजी भी दुर्भाग्यपूर्ण है। मुन्ना ने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया है और संबंधित मंत्रियों व मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की है उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने सुधार नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी 24 तारीख को विधानसभा का बृहद घेराव करेगी इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और नगर पालिका के प्रत्येक वार्ड में धरना-प्रदर्शन कर सरकार को इस्तीफा देने पर मजबूर करेंगे। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ गुड्डू चौहान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू मिश्रा, गंगा तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, अरविंद मिश्रा, महाकाल, अशरफ अली, बेसाहू लाल कुल्हाड़ा, रूद्र सिंह, रघुवर पटेल, जितेंद्र सिंह, प्यारेलाल केवट, नीरज मिश्रा, हीरालाल पटेल, केदार सिंह, सुनील सिंह, महेंद्र त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### विश्व सामाजिक न्याय दिवसः धनपुरी में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न



**बुढार।** शहडोल जिले के धनपुरी नगरपालिका सभागार में 20 फरवरी को विधिक साक्षरता के माध्यम से सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया।
विश्व सामाजिक न्याय दिवस (20 फरवरी) के अवसर पर धनपुरी में इस तरह का सार्थक आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता ही वह माध्यम है जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित की जा सकती हैः
कार्यक्रम के मार्गदर्शनः माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीनाथ सिंह (अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल)।अध्यक्षताः सुशील कुमार अग्रवाल (जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति, बुढार) न्यायिक अधिकारी श्रीमती आकांक्षा तेकाम एवं ऋषव दीक्षित (व्यवहार न्यायाधीश, बुढार) रहें।विधिक जानकारीः उपस्थित पुलिस और नगरपालिका कर्मियों को संविधान के मूल अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया।
विशेष कानूनः पॉक्सो एक्ट (POCSO Act), विधिक सहायता योजनाओं और कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलताओं को कम करने पर चर्चा हुई।लक्ष्यः कानूनी प्रक्रिया में सुलभता लाकर पक्षकारों को शीघ्र न्याय दिलाना। इस कार्यक्रम में पुलिस थाना बुढ़ार नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार व धनपुरी टीआई खेम सिंह पेंद्रे एवं अनुविभाग के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, शासकीय अधिवक्ता आलोक राय व अशोक सिसोदिया एवं कई पक्षकार उपस्थित रहे।

### युवा संगम रोजगार मेले मे युवाओं को उपलब्ध कराया गया रोजगार

**उमरिया।** प्रदेश शासन के निर्देशन में माह के हर शुक्रवार को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है । जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ । मेले के माध्यम से एसबीआई 14, सिल्फिान में 4, सीआईआई एनसीसी पीथमपुर में 8, प्रगति शील रीवा में 11, आरएसडब्ल्यूएमएल मे 3 को, वर्धमान मंडीदीप में 9 सहित अन्य कंपनियो में युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराया गया ।

### नियमित रूप से पंजी संधारित नहीं करने पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी

# कलेक्टर ने पोषण पुर्नवास केंद्र पाली का किया औचक निरीक्षण









**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पाली विकासखंड के पोषण पुर्नवास केंद्र का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत की तथा उन्हे उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान लक्ष्मी पति राजेश, सावित्री पति रमेश, पूजा पति शनि, अन्नू पति रामफल, सुनीता पति राज कुमार के बच्चे भर्ती मिले ।

उन्होने कहा कि बच्चे को कुपोषण से निजात दिलाने के लिए 14 दिनों तक पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती रहनें दें।14 दिनों के बाद बच्चे का फॉलोअप किया जाएगा, यदि तब भी बच्चे के स्वास्थ्य में कोई सुधार नही पाया जाता है,तो पुनः बच्चे को भर्ती कराएं । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रसोई मे बन रहे भोजन की गुणवत्ता परखी तथा रसोई में रखे खाद्य पदार्थो का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान तय मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की उपलब्धता नहीं पाई गई।साथ ही रसोई में आने वाली खाद्य सामग्री, दूध सामग्री, किराना दुकान के सामग्री के रजिस्टर का अवलोकन किया गया , जो नियमित रूप से संधारित होना नही पाया गया।जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए नियमित रूप से रजिस्टर संधारित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से मीनू के अनुसार नाश्ता,भोजन का वितरण किया जाए,इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए।यदि लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी । कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित परियोजना अधिकारी मोनिका सिन्हा, डा वी के जैन को निर्देशित किया कि समय समय पर अस्पताल मे उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण करें और अस्पताल तक आने वाले मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें ।

### प्रिंट रेट से अधिक वसूली जारी, जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता पर उठे सवाल

# गुटखा-सिगरेट की कालाबाजारी पर प्रशासन

**नौरोजाबाद।** नगर सहित आस-पास के कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुटखा और सिगरेट की मनमानी दरों पर बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत वसूल कर खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है, जबकि पैकेटों पर अंकित प्रिंट रेट पूर्ववत है।
स्थानीय लोगों के अनुसार प्रसिद्ध ब्रांड छोटी और बड़ी गोल्ड फ्लेक, क्लासिक,मार्लबोरो, ब्रिस्टल, राजश्री गुटखा/पान मसाला और सभी सिगरेट और गुटखा के 10 रुपये अंकित पैकेट 15 रुपये में, 20 रुपये वाले 25 से 30 रुपये में तथा 40 रुपये वाले 50 रुपये तक बेचे जा रहे हैं। इसी प्रकार सिगरेट के पुराने प्रिंट रेट वाले पैकेट भी अधिक कीमत पर बेचे जाने की शिकायतें मिल रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि कर (जीएसटी) में वृद्धि हुई है तो, संशोधित मूल्य के साथ नया प्रिंट अनिवार्य होना चाहिए। पुराने अंकित मूल्य से अधिक वसूली करना विधिक माप विज्ञान नियमों का उल्लंघन है।

दुकानदारों की दलील




कुछ खुदरा दुकानदारों ने बताया कि उन्हें थोक एजेंसी से ही अधिक दर पर माल दिया जा रहा है। यदि वे प्रिंट रेट पर बिक्री करें तो, आपूर्ति बंद करने की चेतावनी दी जाती है। इस स्थिति में खुदरा विक्रेता भी दबाव में हैं और उपभोक्ता सीधे प्रभावित हो रहे हैं। गुटखा एवं सिगरेट जैसे पैकेज्ड तंबाकू उत्पादों पर निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली रोकना निम्न विभागों की जिम्मेदारी में आता है। नगरवासियों का प्रश्न है कि जब खुलेआम प्रिंट रेट से अधिक वसूली हो रही है, तो संबंधित विभाग निरीक्षण अभियान क्यों नहीं चला रहे? यदि शिकायतें मिल रही हैं, तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि तत्काल संयुक्त जांच अभियान चलाया जाए। थोक एजेंसियों और बड़े व्यापारियों के स्टॉक रजिस्टर की जांच की जाए। दोषी पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन एवं जुर्माने की कार्रवाई की जाए। कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। नौरोजाबाद में गुटखा-सिगरेट की अधिक दरों पर बिक्री से उपभोक्ताओं में रोष है। अब आवश्यक है कि संबंधित विभाग अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करें, अन्यथा यह अवैध वसूली आम जनता पर आर्थिक बोझ बनती रहेगी।

# युवाओं ने एक्सीडेंट से घायल नन्हें बेजुबान का कराया उपचार

### पेश की मानवता की मिशाल

**उमरिया-** मानव को यदि तकलीफ हो तो, वह दूसरे से अपनी तकलीफ बयां कर देता है, लेकिन यदि मूक जानवरों पर कोई संकट आ जाए तो वे अपनी तकलीफ बयां नही कर पाते है , मूक जानवरों की पीड़ा समझते हुए युवा टीम उमरिया ने गत दिवस घायल अवस्था में मिला बेजुबान नन्हा डॉग का इलाज कराया । उमरिया जिले के सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा पाली प्रोजेक्ट रोड के समीप एक नन्हा बेजुबान खून से



लथपथ व गंभीर रूप से घायल अवस्था में रोड पर मिली। इसकी सूचना युवा टीम उमरिया के सदस्यों को प्राप्त हुई तत्काल प्रभाव से पशु चिकित्सालय पाली में सूचित कर पशु डॉ. को घटनास्थल पर ले जाकर गाय का उपचार कराया गया। इस कार्य से युवाओं के नगर के लोग काफी सराहना भी कर रहे हैं। इस दौरान पशु चिकित्सा से डॉ द्विवेदी, सहायक अर्जुन सिंह, युवा टीम संयोजक हिमांशु तिवारी, राहुल सिंह,अभिनय द्विवेदी ,सौरव पांडेय,पुष्पेंद्र शुल्का उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली का किया निरीक्षण

### बीएमओ कि अनुपस्थिति पर शो काज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पाली विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली कि ओपीडी,ब्लड कक्ष, मरीजो केभर्ती कक्ष,डाक्टर ड्यूटी कक्ष,रसोई कक्ष का अवलोकन किया। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान 70 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना पाया गया । डाक्टर ड्युटी कक्ष में कलेक्टर ने डाक्टर उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि शासकीय सेवकों एवं आउटसोर्स में भर्ती कर्मचारियों के उपस्थिति का रजिस्टर अलग-अलग संधारित किया जाए । निरीक्षण के दौरान कुछ डाक्टर निर्धारित ड्रेस कोड में नही पाए गए, जिन्हें निर्धारित ड्रेस कोड में आने के निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान शव के पोस्टमार्टम मे आने वाली समस्याओं के बारे मे अवगत





कराया गया, जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ एवं एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जिससे इसका लाभ आम नागरिकों को जल्दी से जल्दी मिलने लगे ।
निरीक्षण के दौरान पाली के बीएमओ पीएल सागर अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बताया गया कि बीएमओ पाली,शहडोल से अप डाउन करते है, कभी कभार ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आते है । रसोई कक्ष के अवलोकन के दौरान रसोई कक्ष स्थान छोटा होना पाया गया,जिसके अस्थाई रूप से विस्तारीकरण करने की बात कही गई । उन्होने कहा कि मरीजों को पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन का वितरण किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजो से बातचीत की तथा अस्पताल व्दारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान डा वी के जैन सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित

**अनूपपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत परिवहन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बालिकाओं और महिलाओं के लिए निःशुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी, जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र गौतम, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर और संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर की छात्राओं ने भी शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने कहा कि पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ वाहन चलाने के लिए सक्षम बनाना है। इससे महिलाओं की गतिशीलता बढ़ेगी और वे शिक्षा, रोजगार और अन्य गतिविधियों में अधिक सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगी। शिविर के दौरान बालिकाओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग और सुरक्षित वाहन संचालन संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी सक्षम बनाती है। शिविर में 114 बालिकाओं/महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए।

# कलेक्टर ने पाली में हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण





**उमरिया।** पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है । अभियान के प्रथम चरण में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दल गठित कर जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पाली विकासखंड में आयोजित संकल्प से समाधान के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन किया तथा शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान में लाड़ली लक्ष्मी की हितग्राही नव्या सिंह, मेहविश खान, पूर्वी केवट, अक्षिता सेन, संबल योजना के हितग्राही दुर्गा सिंह, मुन्नी बाई, कमल सिंह, कमलेश बैगा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, नीलेश बैगा, विमल सिंह, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के हितग्राही रामबचन चौधरी, शीतल सोनी, किरन बर्मन, गीता यादव, मंजूलता बर्मन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही दिव्या रजक, रूबी सोनी, कुसुम, आंचल, प्रेरणा सिंह को हितलाभ का वितरण किया । इस अवसर पर नगर पालिका पाली अध्यक्ष शंकुतला प्रधान,एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, सीएमओ पाली भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# कलेक्टर ने की मां विरासिनी की पूजा अर्चना



### सगरा तालाब में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी धाम पहुंचकर मां विरासिनी के दर्शन किए तथा जिले के खुशाहाली की कामना की । इस दौरान उन्होने सगरा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का भी अवलोकन किया।अवलोकन के दौरान बताया गया कि सगरा तालाब में छठघाट का जीर्णोद्वार, दशघाट का जीर्णोद्वार, ज्वालाकुंड के नास नए घाट का निर्माण,सीसी ड्रेन,नया मल्होत्रा घाट निर्माण,पुराने मल्होत्रा घाट का पुर्नवास, अप्रोच रोड निर्माण,रैंप हेतु सुरक्षा कार्य,फ्लोटिंग फाउंटेन,ज्वाला कुंड पर सुरक्षा कार्य,डस्टबिन,माइक सिस्टम,आक्सीडाइजर एवं प्राथमिक जल शोधन संयंत्र का कार्य किया जाना है जिसकी अनुमानित लागत 4.04 करोड रूपये है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि समस्त कार्य समय सीमा में पूर्ण करें साथ ही कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश सीएमओ पाली को दिए। निरीक्षण के दौरान पाली नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला प्रधान,पाली एसडीएम मीनाक्षी इंगले भी उपस्थित रहीं।

### खबर संक्षेप



## आत्मनिर्भरता की मिसाल बनें जैतहरी के युवा उद्यमी सुयश कुमार पटेल

**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मौहरी के युवा उद्यमी सुयश कुमार पटेल ने कोदो प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। उनकी यह पहल न केवल आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है, बल्कि स्थानीय किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गई है। सुयश कुमार पटेल ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत अपनी इकाई की स्थापना की। कुल 9 लाख 45 हजार रुपए की लागत से स्थापित इस इकाई को 35 प्रतिशत अनुदान के रूप में 3 लाख 30 हजार 750 रूपए की सहायता प्राप्त हुई। इस आर्थिक सहयोग से आधुनिक मशीनरी एवं उपकरण स्थापित किए गए, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस इकाई के माध्यम से 3 स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है, जिससे गांव में आजीविका के नए अवसर सृजित हुए हैं और पलायन में कमी आई है। विशेष बात यह है कि इकाई के लिए कच्चा माल आसपास के किसानों से ही खरीदा जाता है, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिल रहा है और कोदो जैसे मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा मिला है। सुयश कुमार पटेल ने बताया कि वर्तमान में इकाई की मासिक बिक्री 50 से 60 हजार रुपए के बीच है, जबकि शुद्ध आय 30 से 35 हजार रुपए तक पहुंच रही है। बाजार के विस्तार के साथ आय दोगुनी होने की संभावना है। सुयश कुमार पटेल की यह उपलब्धि ग्रामीण उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की सशक्त गाथा है, जो पूरे जैतहरी क्षेत्र में विकास और खुशहाली की नई किरण लेकर आई है।

## आपदा प्रवंधन दल का गठन

**अनूपपुर।** वर्तमान समय में प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाएं हमारे जीवन को प्रभावित करती रहती हैं इन परिस्थितियों में यदि हम पहले से तैयार रहें तो जन धन की हा नी को काफी हद तक काम किया जा सकता है इसे इसी उद्देश्य से उमरिया जिले में 60 आपदा प्रभावित गांवों में आपदा प्रबंधन समिति दल का गठन किया जा रहा है आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल एवं नोडल संस्था जीएस हितकारिणी समिति उमरिया के द्वारा दल गठन कर उनके उद्देश्यों की जानकारी जैसे आपदा के समय त्वरित राहत कार्य करना जनहानि एवं संपत्ति की छती को कम करना तथा लोगों को पूर्व तैयारी के लिए जागरूक करना दल गठन की प्रक्रियाओं में क्षेत्र की संभावित आपदाओं का आकलन करना आपदा प्रबंधन दल सक्रिय हो तो आपदा आने पर तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सकता है जिससे जन माल की हानि काम हो सकती है और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है।

सीएमएचओ ने पुलिस अधीक्षक को भेजा प्रतिवेदन, पहले भी हो चुकी है शिकायत

# जैतहरी में मौत का क्लीनिक बेनकाब

### वीडियोग्राफी, पंचनामा और दवाइयों की जब्ती के बावजूद थाना जैतहरी मौन

**अनूपपुर।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, अनूपपुर द्वारा जैतहरी नगर में संचालित एक कथित झोलाछाप क्लीनिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-अनूपपुर के पत्र क्रमांक क./अ.प्रा./2026/245 दिनांक 17 फरवरी के अनुसार, जैतहरी के मुख्य मार्ग पर राम अभिलाष द्विवेदी द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

### कलेक्टर के निर्देश पर गठित हुई जांच टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनांक 16 फरवरी को जिला स्तरीय जांच दल गठित किया गया। जांच दल के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैतहरी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान क्लीनिक संचालक रामअभिलाष द्विवेदी मौके से अनुपस्थित पाए गए। उनकी अनुपस्थिति में लोकनाथ यादव (उम्र 36 वर्ष), निवासी ग्राम बलबहरा सिवनी, जैतहरी, मरीजों को दवाई, इंजेक्शन और ग्लूकोज की बॉटल लगा रहा था। पूछताछ में उसने स्वयं को केवल 12वीं उत्तीर्ण बताया तथा पिछले 10 वर्षों से उक्त क्लीनिक में कार्यरत होने की बात स्वीकार की। उसका लिखित बयान भी संलग्न किया गया है।

### मरीजों को बिस्तर पर चढ़ाकर चल रहा था इलाज

निरीक्षण के दौरान दो मरीज कुसुम पति शिवकुमार, निवासी गुवांरी (जैतहरी), मोतीलाल पिता देहचा, निवासी चोई (जैतहरी), क्लीनिक के भीतर बिस्तर पर लेटे हुए इंजेक्शन एवं बॉटल लगवाते पाए गए। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया, संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी



12वीं पास लगा रहा था इंजेक्शन, कानून क्यों खामोश?

कराई गई तथा दवाइयों, इंजेक्शन और बॉटल को जब्त किया गया।

### पहले भी हो चुकी है शिकायत

सीएमएचओ कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2024 में भी रामअभिलाष द्विवेदी के विरुद्ध झोलाछाप चिकित्सा की शिकायत प्राप्त हुई थी। पत्र क्रमांक विनिमय/2024/2353 दिनांक 26 जुलाई 2024 के माध्यम से वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रकरण अग्रेषित किया गया था, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब पुनः 16 फरवरी की कार्रवाई के आधार पर विस्तृत प्रतिवेदन, वीडियोग्राफी, फोटो एवं पंचनामा संलग्न कर पुलिस अधीक्षक, अनूपपुर को विधिसम्मत कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है।

### पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

गंभीर तथ्य यह है कि इतने स्पष्ट साक्ष्य वीडियोग्राफी, फोटो, जब्ती पंचनामा और लिखित बयान के बावजूद थाना जैतहरी द्वारा अब तक उक्त फर्जी चिकित्सक के विरुद्ध कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। इससे स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। जनस्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मामले में पुलिस की निष्क्रियता कई सवाल खड़े कर रही है। क्या बिना वैध डिग्री और पंजीयन के चिकित्सा सेवा देना अपराध नहीं? क्या 12 वीं पास युवक द्वारा इंजेक्शन और ड्रिप लगाना मरीजों की जान से खिलवाड़ नहीं? पूर्व शिकायत के बावजूद दोबारा क्लीनिक कैसे संचालित होता रहा?

### जनस्वास्थ्य पर बड़ा खतरा

विशेषज्ञों के अनुसार बिना मान्यता प्राप्त व्यक्ति द्वारा इंजेक्शन, सलाइन और दवाइयों का उपयोग गंभीर दुष्परिणाम दे सकता है। संक्रमण, गलत दवा, ओवरडोज या एलर्जी जैसी स्थिति मरीज की जान तक ले सकती है। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है।

### अब क्या होगी कार्रवाई?

सीएमएचओ ने स्पष्ट रूप से पुलिस प्रशासन से वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। प्रकरण की प्रतिलिपि आयुक्त चिकित्सा शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य, भोपाल; संयुक्त संचालक (विनियमन एवं नीति); कलेक्टर अनूपपुर; अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी; प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी जैतहरी तथा थाना प्रभारी जैतहरी को भी भेजी गई है। अब सबकी निगाहें थाना जैतहरी और पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो यह मामला जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# कांग्रेस ने जिले के पूरे ब्लाकों पर मंत्रियों के जलाए पुतले

### अनूपपुर में कोतवाली टीआई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई धड़क

### कोतवाली टीआई और भाजपा नेताओं के खिलाफ लगे नारे

**अनूपपुर।** मनरेगा, कफ सिरप से हुई मौत और इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में अनूपपुर में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया है। इंदिरा चौक पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी के पुतले जलाने की कोशिश की गई है। पुलिस हस्तक्षेप के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया था। मध्य प्रदेश सरकार के नगरी प्रशासन मंत्री के द्वारा बीते दिनों विपक्ष के नेता उमंग सिंघार के खिलाफ औकात में रहने वाले बयान के मामले में आज जिला मुख्यालय में जमकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ पुतला दहन कर नारे बाजी की गई। इस पुतला दहन के बीच छीना झपटी की भी बात सामने आई है। जिला मुख्यालय में हुए इस उग्र प्रदर्शन में टीआई कोतवाली के खिलाफ मुर्दाबाद के भी नारे कांग्रेस के द्वारा लगाए गए हैं जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अभद्र भाषा का उपयोग किया गया जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता बिफर गए और उनके द्वारा प्रदेश मुख्यमंत्री से लेकर नगरी प्रशासन मंत्री व अनूपपुर कोतवाली में पदस्थ नगर निरीक्षक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश भर में आज कांग्रेस पार्टी के द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी के बयान को लेकर था जिसमें जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा तिराहे में भी



शुक्रवार की दोपहर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से फायर ब्रिगेड का उपयोग कर पुतला दहन करने से कांग्रेसियों को रोका गया। पुतला दहन के दौरान हुई छीना झपटी में कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर गिर गए और टीआई के द्वारा उन पर अभद्र भाषा का उपयोग किया गया। जिस बात से उग्र होकर जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान के द्वारा पहले से भाजपा सरकार के दलाल के नारे लगाए गए साथ ही मुख्यमंत्री, नगरी प्रशासन मंत्री के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। कांग्रेसियों का गुस्सा अनूपपुर कोतवाली में पदस्थ टीआई अरविंद जैन के ऊपर भी निकाल इन कार्यकर्ताओं के द्वारा कोतवाली प्रभारी के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। हालांकि यह पुतला दहन कार्यक्रम काफी हद तक कांग्रेसी सफल भी बता रहे हैं लेकिन इस मामले में बयान देने से न तो कांग्रेस पार्टी सामने आ रही है और न ही पुलिस प्रशासन के तरफ से किसी प्रतिनिधि ने अपना पक्ष रखना उचित समझा, हालांकि सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहे हैं उसमें साफतौर पर कोतवाली प्रभारी और भाजपा सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे साफ़तौर पर सुनाई दे रहे हैं।

### मौतों के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कफ सिरप और दूषित पानी से हुई मौतें सरकार की लापरवाही का नतीजा हैं। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई होती तो लोगों की जान बच सकती थी। इसी मुद्दे पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला के खिलाफ नारे लगाए गए है।

### मनरेगा और भ्रष्टाचार पर सवाल

प्रदर्शन में मनरेगा को लेकर भी सवाल उठाए गए है। कांग्रेस का कहना है कि योजना का नाम बदलने से कुछ नहीं होगा, जरूरत ईमानदारी से काम करने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए भ्रष्टाचार खत्म करने की मांग की गई है।

### पुतला दहन रोकने पर बढ़ा तनाव

जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाने की कोशिश की तो पुलिस ने उसे छीन लिया और फायर ब्रिगेड ने आग बुझा दी। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ भी नारे लगाए। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प भी हुई।

### बिजुरी में जला पुतला, चेतावनी

अनूपपुर में पुतला दहन नहीं हो सका, लेकिन बिजुरी में कांग्रेस कार्यकर्ता पुतले जलाने में सफल रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इन मामलों में कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन आगे और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।



## मृत भालू के नाखून काटने के तीन आरोपी सामग्री मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

**अनूपपुर।** अनूपपुर नगर से 10 किलोमीटर दूरी स्थित लखनपुर गांव के जंगल में 15 दिन पूर्व मृत भालू के शरीर से नाखून काटकर ले जाने वाले तीन आरोपियों को वन विभाग द्वारा नाखून, टांगिया एवं मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया। घटना के संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह ने बताया कि 19 फरवरी की रात मुखबिर से सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अनूपपुर के अगरियानार बीट अंतर्गत लखनपुर गांव से लगे जंगल में पत्थरों की गुफा के नीचे वन्यप्राणी भालू विगत 15 दिनों के लगभग से प्राकृतिक कारणों से मृत स्थिति में रहा जिसके शरीर के अंगों को जंगली जानवरों द्वारा खा कर जंगल में ले गए रहे इसी बीच लखनपुर गांव के कुछ लोगों को भालू के मृत में पड़े होने की सूचना पर आरोपियों द्वारा भालू के एक पैर के नाखून टांगी से काट कर एवं भालू के बाल को अपने साथ ले गए रहे मुखबिर से घटना की सूचना मिलने पर वन मंडलाधिकारी अनूपपुर डेविड ब्यंकटराव, एसडीओ वन अनूपपुर प्रीतेश पखाले को जानकारी दिए जाने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खोजबीन करने दौरान तीन आरोपी जगदीश पिता जयसिंह नायक 48 वर्ष, राजेंद्र पिता जेठू कोल 35 वर्ष दोनों निवासी घोघराटोला एवं दीप नारायण पिता मोतीलाल कोल 43 वर्ष निवासी लखनपुर तीनों कोतवाली थाना अनूपपुर के द्वारा मृत भालू के नाखूनों एवं बाल को काटकर अपने साथ ले जाने पर पूछताछ कर काटे गये नाखून, नाखून काटने वाला औजार टांगी एवं एक प्लेंटीना मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 4902/24 वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डांग स्कार्ट से स्थल का परिक्षण कराते हुए आरोपियों की खोजबीन की गई तथा पशु चिकित्सक सचिन समैया से मृत भालू के शव का परीक्षण/निरीक्षण कराया गया, वन अपराध की कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक अनूपपुर विजय कुमार सोनवानी, परिक्षेत्र सहायक किरर रिचर्ड रेगी राव कार्य, वनपाल जगत सिंह मसराम, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, वनरक्षक लोमन प्रसाद बैगा, हरिनारायण पटेल, राजीव पटेल, नर्मदा पटेल, अखिलेश सिंह, दिनेश रौतेल, मोह, रहीस खान, श्रीमती रामसखी पटेल, श्रीमती उमा बैगा ने उल्लेखनीय भूमिका अदा की हैं।

# वेंकटनगर में कांग्रेस का रेल रोको आन्दोलन राजनैतिक स्टंट

### 27 फरवरी को सांसद हिमाद्री सिंह अनूपपुर रेलवे स्टेशन से स्टॉपेज ट्रेनों को दिखाएंगी हरी झंडी

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर के मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने वेंकटनगर मे कांग्रेस के रेल रोको आन्दोलन को महज एक राजनैतिक स्टंट बतलाते हुए जनता से किसी बहकावे मे ना आने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि वेंकटनगर, निगौरा सहित संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत अन्य रेलवे स्टेशनों मे यात्री गाड़ियों के स्टापेज शुरु करने सहित अन्य रेल सेवाओं के विस्तार के लिये निरंतर प्रयास किया जा रहा है। रेलवे प्लेटफार्म मे निर्माण कार्य के कारण ट्रेनों के पुनः स्टापेज मे विलंब हुआ। लेकिन फरवरी के बाद किसी भी समय ट्रेनों का ठहराव शीघ्र होने लगेगा। उल्लेखनीय है कि पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल सिंह के नेतृत्व में 21 फरवरी, दिन शनिवार को बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग मे अनूपपुर जिला अन्तर्गत वेंकटनगर मे रेल रोको आन्दोलन का आह्वान किया गया है। इस क्षेत्र मे कोविड के समय वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर-इन्दौर- बिलासपुर, भोपाल-बिलासपुर एवं चिरमिरी-बिलासपुर-चिरमिरी ट्रेनों का स्टापेज बन्द कर दिया गया था। इसके चलते इस क्षेत्र के पचास से अधिक गाँव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वेंकटनगर, निगौरा, जैतहरी, कोतमा, अमलाई, बीरसिंहपुर, नौरोजाबाद, चंदिया मे यात्री ट्रेनों का ठहराव पुनः शुरु करने के लिये तथा नागपुर, दिल्ली के लिये ट्रेन चलवाने को लेकर शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने अनेक बार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा विभाग के शीर्ष अधिकारियों से पत्राचार किया तथा स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री से भेंट करके प्रमुखता से शहडोल संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों मे ट्रेन सुविधाओं के विस्तार की मांग की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हिमाद्री सिंह को पत्र लिख कर सूचित किया है कि वेंकटनगर स्टेशन मे पुरी -ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस, अनूपपुर मे रानी कमलापति-संतरागांछी और कोतमा मे अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन ट्रेन स्टापेज को स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिन ट्रेनों के स्टॉपेज की स्वीकृति प्रदान हुई है उन ट्रेनों के ठहराव के लिए 27 फरवरी को सांसद हिमाद्री सिंह द्वारा अनूपपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम को संपन्न किया जाएगा। शेष ट्रेनों के स्टापेज भी शीघ्र शुरु हो जाएगें। कांग्रेस के वेंकटनगर मे ट्रेन स्टापेज की मांग को लेकर आन्दोलन की चेतावनी को श्री सिंह ने राजनैतिक ड्रामा बतलाते हुए कहा कि कोविड मे बन्द की गयी ट्रेनों का स्टापेज शीघ्र वेंकटनगर, निगौरा जैसे स्टेशनों मे शुरु हो जाएगा। कांग्रेस आम जनता को रेल रोको आन्दोलन के उकसा कर अराजकता फैलाना चाहती है। आम जनता के लिये कानूनी मुसीबते ना खडी हों, यह उन्हे ध्यान रखना चाहिये। श्री सिंह ने वेंकटनगर क्षेत्र के गणमान्य लोगों से कांग्रेस के बहकावे मे ना आने की अपील करते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार अतिशीघ्र ट्रेनो का स्टापेज बहाल करने वाली है। रेल सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। रेलवे प्लेटफार्म मे निर्माणकार्य चल रहे हैं। तीसरी रेल लाईन का विस्तार और इटरलाकिंग भी एक बडा कारण रहा है। वेंकटनगर क्षेत्र के गणमान्य लोग कांग्रेस के झांसे मे बिल्कुल भी ना आएं।



निगौरा, वेंकटनगर मे सभी ट्रेनों के स्टापेज अतिशीघ्र

# खैरात बांटने से अच्छा है, लोगों को आत्म निर्भर बनाना- मनोज द्विवेदी

### सुप्रीम कोर्ट की चिंता पर, क्या सरकारें करेंगी चिंतन

**अनूपपुर।** अब समय आ गया है कि जब सभी राजनैतिक दलों मे गैर-वाजिब मुफ्त वितरण योजना को प्रभावी तरीके से बन्द करके नैतिकता का परिचय देना होगा। जनता को अकर्मण्य बनाने से अच्छा है कि उन्हे आत्मनिर्भर और कर्तव्यनिष्ठ बनाया जाए। वास्तविक गरीब वर्ग को भी जीवन यापन की सुविधाएँ देने के साथ यह ध्यान रखना होगा कि कम से कम 8-10 घंटे वो कार्य करें। सारे अधिकार जनता के लिये हैं। इसकी रक्षा के लिये देश मे मजबूत लेजमउ कार्य कर रहा है। इसे और निरापद बनाना हो तो जरुर बनाएं लेकिन मजबूत, सक्षम भारत के निर्माण के लिये प्रत्येक नागरिक को कार्य करने की बाध्यता होनी चाहिए। जैसे मनरेगा लागू होने के बाद अचानक खेती के लिये मजदूरों का संकट आ गया। जिन राज्यों में 1 रु-2 रु में राशन देने की योजना लागू की गयी, उन राज्यों मे लोगों ने कार्य करना ही बंद कर दिया। ऐसी शिकायतें आने लगीं। ऐसे मे सुप्रीम कोर्ट ने जन भावनाओं को ध्यान मे रख कर और जमीनी सूचनाओं के आधार पर एक कडवी सच्चाई को सामने रखा है। केन्द्र मे नरेन्द्र मोदी की विचारधारा और नीति युक्त मजबूत सरकार है। उससे देश यह उम्मीद कर रहा है कि "तुम मुझे वोट दो-मैं तुम्हे मुफ्त दूंगा" की अनैतिक नीति पर रोक लगाने की दिशा मे ठोस कार्य करें। गरीबी के लिये अशिक्षा, जानकारी का आभाव, अवसरों की कमी के साथ आलस्य और निकम्मापन भी बडा कारण है। लोग मुफ्त मे मिले



राशन और सुविधाओं को बेंच कर शराब पीना पसंद करते हैं, घरों में, चौराहों मे समय बिताते रहते हैं। लेकिन बुलाने पर भी काम पर नहीं जाते। तो जिन्हे सच में मदद की दरकार है, जो वास्तविक गरीब हैं, सरकार को उनकी सतत मदद करना चाहिये। लेकिन चुनावी लाभ के लिये जनता के टैक्स का पैसा लोगो को खैरात मे नहीं बांटना चाहिये। इससे मेहमती, ईमानदार, नियम कायदों को मानने वालों मे हताशा और कुंठा आती है। इसे रोकने का यही तरीका है कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाएं, रोजगार के अवसर पैदा करें ना कि खैरातीलाल बना कर देश को कमजोर करने का काम हो। केन्द्र सरकार और राज्यों मे काबिज अलग-अलग दलों की सरकारों को देश हित को सर्वोपरि रखते हुए मुफ्त वितरण के लोक लुभावन चुनावी घोषणाओ से दूरी बनाने का वक्त आ गया है। सरकारें यदि इसे रोकने मे असहाय दिखे तो सुप्रीम कोर्ट और निर्वाचन आयोग को इस दिशा मे ठोस कदम उठाना होगा।

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाइल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
कोटा स्टोन कम दामों में उपलब्ध है
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239